भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1000

(जिसका उत्तर मंगलवार, 03 मई, 2016 को दिया गया)

स्वच्छ भारत उपकर पर व्यय की गई सीएसआर निधि

1000. श्रीमती वानसुक साइमः

क्या कारपोरेट कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नवबंर, 2015 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत उपकर से वर्ष 2016-17 के दौरान 10,000 करोड़ रूपए एकत्रित होने की संभावना है;
(ख) क्या सरकार भारतीय कारपोरेट्स को अगले तीन वर्षों के दौरान स्वच्छ भारत कार्यक्रम के लिए 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक धनराशि जुटाने में केंद्र की सहायता करने हेतु स्वच्छ भारत कार्यक्रम के लिए अपनी सीएसआर निधि में से 30 प्रतिशत धनराशि अलग रखने हेतु कहने का विचार रखती है;
(ग) क्या कारपोरेट क्षेत्र ने पहले ही डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया पहलों के लिए अपनी सीएसआर निधि में से काफी बड़ा हिस्सा अलग रखा है; और
(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्री अरूण जेटली)**

(क): केन्द्रीय बजट 2016-17 के अनुसार वर्ष 2016-17 के दौरान स्वच्छ भारत उपकर से अनुमानतः 10,000 करोड़ रुपए की राशि एकत्र की जानी है।
(ख): कारपोरेट को अपने सीएसआर व्यय की 30% राशि स्वच्छ भारत के लिए अलग रखना अनिवार्य बनाने के संबंध में किसी प्रस्ताव पर इस मंत्रालय द्वारा विचार नहीं किया जा रहा है।
(ग) और (घ): वर्ष 2014-15 के लिए सीएसआर संबंधी वार्षिक रिटर्न अपनी वेबसाइट पर रखने वाली 460 सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों पर किए गए सीएसआर व्यय की सूचना अनुलग्नक पर दी गई है।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 03 मई, 2016 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1000 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विकास क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय (वित्त वर्ष 2014-15)

क्रम संख्या	**अनुसूची-VII में विषय**	**सीएसआर व्यय (करोड़ रुपए में)**
1.	भूखमरी, गरीबी निवारण और स्वास्थ्य देखभाल	1421.66
2.	शिक्षा/व्यावसायिक कौशल/जिविका सुधार	1462.60
3.	महिला/वृद्‌ध/बच्चे	219.27
4.	पर्यावरण सुस्थायित्व	1188.69
5.	कला एवं संस्कृति	539.83
6.	खेल विकास	454.91
7.	प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष आदि	125.32
8.	ग्रामीण विकास	724.32
9.	स्लम विकास	114.14
10.	स्वच्छ भारत कोष	42.64
11.	निर्मल गंगा कोष	15.49
12.	अन्य	28.5
	कुल योग	**6337.36**

*****